**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.05.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑप्रेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पूरा देश आज आतंकवाद से लड़ाई में एकजुट और प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के साहस की प्रशंसा की। उन्होंने उस सटीकता की भी सराहना की जिससे सेना ने सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि ऑप्रेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ये दिवस हमें दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री ने कुछ स्कूलों में लगाए जा रहे शुगर बोर्ड का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सी.बी.एस.ई. की इस अनोखी पहल का उद्देश्य बच्चों को उनके शुगर इंटेक के प्रति जागरूक करना है।

प्रधानमंत्री ने देश के प्रत्येक नागरिक से भारत में बने उत्पादों को ही प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह डूबी हुई है और राज्य में कानून व्यवस्था भी चरमरा गई है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विमल नेगी मौत मामले की जांच उच्च न्यायालय द्वारा सी.बी.आई. को सौंपने के बाद पुलिस विभाग में घमासान मचा हुआ है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एस.पी. शिमला अपने ही डी.जी.पी. पर गम्भीर आरोप लगा रहे हैं जो अनुशासनात्मक है। उन्होंने कहा कि अफसरशाही में मचे इस घमासान के बाद सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर प्रदेश के लिए उदार वित्तीय सहायता प्रदान करने और लम्बित धनराशि शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल को वर्ष–2032 तक आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रदेश सरकार की पर्यटन, हरित ऊर्जा, विद्युत और अन्य क्षेत्रों में की गई पहल के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जल विद्युत परियोजनाओं में राज्य के हितों की रक्षा

की पैरवी की। उन्होंने इन परियोजनाओं को राज्य को लौटाने के लिए समय सीमा तय करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने 40 वर्ष पूरा कर चुकी परियोजनाओं से अधिशेष भूमि वापिस करने और योजना लागत पूरी करने के उपरान्त रॉयल्टी में बढ़ोतरी से संबंधित मामला भी प्रधानमंत्री के समक्ष उठाया। प्रधानमंत्री ने सभी मामलों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज राजधानी शिमला के कच्ची घाटी में व्यापार मण्डल कार्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में व्यापार मण्डल की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि स्वरोज़गार के साथ–साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने में व्यापार मण्डल वर्षों से कार्य कर रहा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतरीन करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

**नमस्कार**